पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 258 हल्द्वानी गुरूवार , 23 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठः 8

## एक नजर

### अब पिथौरागढ़ में ही बनेंगे पासपोर्ट : डीएम

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस के नए कार्यालय तथा पासपोर्ट कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में पासपोर्ट सेवाओं के लिए पृथक एवं आधुनिक कार्यालय तैयार कर लिया गया है तथा पासपोर्ट कार्यालय की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं, जिसे शीघ्र ही आमजन के लिए संचालित किया जाएगा। नए भवन के प्रारंभ होने से पासपोर्ट सेवाएं अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं जन सुलभ बनेंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, व्यवस्थित प्रतीक्षालय, पर्याप्त पार्किंग एवं दिव्यांग जन के लिए सुगम पहुंच की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

### तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खुले

**तुंगनाथ/उखीमठ/रुद्रप्रयाग।** भक्तिमय वातावरण और नम: शिवाय उदघोष के बीच पंचकेदारों में से 12073 फीट की ऊंचाई पर स्थित प्रसिद्ध तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट विधि-विधान के साथ आज पूर्वाह्न 11 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलने के समय पांच सौ से अधिक श्रद्धालुजन मौजूद रहे। इस अवसर पर मंदिर को 5 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया था।

मैठाणी पुजारियों द्वारा श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक अनुष्ठानों के बाद भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि से श्रृंगार रूप दिया गया। दर्शन पूजा-अर्चना के बाद भगवान तुंगनाथ का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद दर्शन शुरू हो गये।

# विधि विधान से खुले बदरीनाथ के कपाट

### आस्था और उल्लास से गूंजा धाम, भक्तों ने किये अखण्ड ज्योति के दर्शन

**चमोली।** भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट आज प्रात: 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बदरीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए




यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शहीद भूपाल सिंह का शहादत दिवस मनाया

**अल्मोड़ा।** क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल,अल्मोड़ा के परिसर में शहीद स्मारक पर कीर्ति चक्र से सम्मानित उप-निरीक्षक शहीद भूपाल सिंह, ग्राम-बल्टा,जनपद-अल्मोड़ा के शहादत दिवस के अवसर परश्रद्धांजलि देने व उनके योगदान को याद करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शहीद भूपाल सिंह की बहादुरी एवं अदम्य साहस को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पत्नी मोहिनी देवी व पुत्र आशुतोष और अभितोष मेहता ,सेवानिवृत कार्मिकों, संदीक्षा सदस्याएँ ,सभी आधिकारीगण, अधिनस्त अधिकारीगण और जवानों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया । सुधांशु नौटियाल,उप-महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल,अल्मोड़ा के द्वारा शहीद भूपाल सिंह,उप-निरीक्षक,कीर्ति चक्र के शहीद स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित और गार्ड द्वारा शोक शस्त्र सलामी दी गयी तथा उनकी याद में 02 मिनट का मौन धारण किया गया ।

### उत्तराखंड पहुंचने पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का भव्य स्वागत

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**देहरादून।** जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर आज सी.पी. राधाकृष्णन के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, पुष्कर सिंह धामी सहित राज्य सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर विशेष



व्यवस्थाएं की गई थीं। उनके स्वागत के दौरान प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क नजर आई। उपराष्ट्रपति के इस दौरे को राज्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

# बिन गुरु के हिचकोले खा रहा देश का भविष्य, अभिभावक चिंतित

**नवीन नेगी**

**ऋषिकेश।** हर एक विद्यार्थी देश का भविष्य है। इस भविष्य को संवारने का महत्वपूर्ण दायित्व शिक्षक के कंधों पर है, लेकिन ऋषिकेश के श्यामपुर के राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खदरी में शिक्षकों के अभाव में देश का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। शिक्षा विभाग ने कक्षा छह से आठवीं तक की कक्षाएं एकमात्र शिक्षिका के भरोसे छोड़ दी हैं।

एक शिक्षिका के लिए तीनों कक्षाओं का संचालन करना आसान नहीं है। विद्यालय के 150 विद्यार्थियों के भविष्य के साथ लंबे समय से हो रहे खिलवाड़ पर प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। दरअसल, डोईवाला ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खदरी-श्यामपुर में छठवीं से आठवीं



कक्षा तक के लिए जनवरी 2023 से पांच शिक्षक तैनात थे। इनमें एक शिक्षक 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हो गए, जबकि अन्य एक शिक्षक का वर्ष 2024 में निधन हो गया। वर्ष 31 मार्च 2025 में प्रधानाध्यापक व दूसरी 31 मार्च 2026 को अन्य शिक्षक भी सेवानिवृत्त हो गए। अब हालत ये है कि वर्तमान में विद्यालय में एक मात्र शिक्षिका रह गई हैं, जिन पर अकेले तीनों कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी है। एक शिक्षिका के लिए तीनों कक्षाओं का संचालन करना चुनौती बना हुआ है। हर पीरियड में पांच-पांच मिनट अध्यापन कर कक्षा को संभालना पड़ रहा है, जिससे कक्षाएं महज औपचारिक बन गई हैं। विद्यार्थियों में भी कक्षाएं ढंग से न चलने से निराशा है।शिक्षिका की लग रही दौड़ वर्तमान में विद्यालय में तैनात शिक्षिका को अकेले तीनों कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है। इसके लिए वह कई बार कार्यालयीय कार्यों में भी सहयोग ले रही हैं। कक्षा के साथ ही कार्यालयीय विभागीय कामकाज करना भी चुनौती बन रहा है। जनप्रतिनिधि व शिक्षिका लंबे समय से अतिरिक्त शिक्षक तैनाती की लगा रहे गुहार, विभाग में नहीं सुनवाई ।रामगांव खदरी में शिक्षकों के गंभीर संकट के कारण विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी खासा चिंतित व हैरान हैं। ग्राम प्रधान संगीता थपलियाल ने बताया कि उन्होंने 18 फरवरी 2026 को विद्यालय द्वारा बीईओ डोईवाला को लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया गया और इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई गई। बताया कि विद्यालय में छात्रों की संख्या के सापेक्ष शिक्षकों की भारी कमी को लेकर कई बार क्षेत्रीय स्तर पर प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क किया गया है। कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया।

# सम्पादकीय

## ग्रामीण स्कूलों में खेल सुविधाओं की बदहाली

भारत की असली ताकत उसके गाँवों में बसती है। यही मिट्टी देश के महान खिलाड़ियों को जन्म देती रही है। लेकिन विडंबना देखिए कि आज उसी ग्रामीण भारत के विद्यालयों में खेल सुविधाएँ लगभग दम तोड़ती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट को देखा जाये तो इस सच्चाई को उजागर करते हैं कि देश के 30 प्रतिशत से अधिक सरकारी स्कूलों के पास अपना खेल का मैदान तक नहीं है। जहाँ मैदान हैं भी, वहाँ उनकी स्थिति इतनी खराब है कि वे खेल के योग्य नहीं रह जाते। बाउंड्री वॉल का अभाव, झाड़ियों से घिरे मैदान और अतिक्रमण की समस्या आम हो चुकी है। ऐसे में बच्चों के पास सड़कों और संकरी गलियों में खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता जो न केवल असुरक्षित है, बल्कि उनके शारीरिक विकास के लिए भी हानिकारक है। समस्या केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि सोच की भी है। ग्रामीण समाज में आज भी 'पढ़ोगे,लिखोगे तो बनोगे नवाब' जैसी मानसिकता हावी है, जहाँ खेलों को पढ़ाई के लिए बाधा माना जाता है। यह दृष्टिकोण न केवल प्रतिभाओं को दबाता है, बल्कि युवाओं के समग्र विकास में भी अवरोध पैदा करता है। केंद्र सरकार की खेल जैसी अनेक योजनाएँ निश्चित रूप से सकारात्मक पहल हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी भी शहरी क्षेत्रों तक सीमित नजर आता है। ग्रामीण इलाकों में इन योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद धीमा है, जिससे वास्तविक लाभ लक्षित वर्ग तक नहीं पहुँच पा रहा। इस उपेक्षा का सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य और व्यवहार पर पड़ रहा है। खेलों के अभाव में बच्चे शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं और मोबाइल गेमिंग व डिजिटल व्यसनों की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। यह स्थिति आने वाले समय में एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। यदि भारत को सच में खेल महाशक्ति बनना है, तो उसे अपनी प्राथमिकताएँ बदलनी होंगी। नीतियों का केंद्र गाँवों को बनाना होगा। हर ग्रामीण विद्यालय में खेल का मैदान, आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। पंचायत स्तर पर बजट बढ़ाना, स्थानीय समुदाय को जिम्मेदारी देना और निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रेरित करना समय की मांग है। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। जब तक गाँव का बच्चा खुले मैदान में स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से नहीं खेल पाएगा, तब तक ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का सपना अधूरा ही रहेगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने वाली कांग्रेस का चेहरा बेनकाब : शांति

## भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों पर बोला हमला



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, महापौर विकास शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने प्रेस वार्ता में कहा कि महिलाओं को उनका हक न मिल पाए, इसके लिए कांग्रेस ने संसद में इस विधेयक की राह में रोड़े अटकाए। दर्जा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में हुए महिला सशक्तिकरण के कार्यों का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी हर योजना के केंद्र में 'नारी शक्ति' को रखा है, जिससे आज देश की महिलाओं के आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रेस वार्ता में दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शांति मेहरा ने प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने पहले ही भाषण में देश को खुले में शौच से मुक्त करने और शौचालयों के निर्माण का संकल्प लिया था, तब विपक्षी दलों ने इसकी गंभीरता को नहीं समझा था। आज देश भर में निर्मित करोड़ों शौचालयों ने न केवल महिलाओं को अंधेरे का इंतजार करने की मजबूरी से मुक्ति दिलाई है, बल्कि उनकी शारीरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित किया है।

मेहरा ने कहा कि यह केवल ईंट-गारे का निर्माण नहीं, बल्कि गरीब महिला की गरिमा को समाज में स्थापित करने का एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने महिलाओं के प्रति होने वाले कई अपराधों और बीमारियों पर अंकुश लगाया है।अभियान की सफलता पर चर्चा करते हुए

मेहरा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ योजना ने देश के लिंगानुपात में सुधार करने के साथ-साथ बेटियों के प्रति समाज की रूढ़िवादी सोच को जड़ से बदला है। पहले जहां गरीबी के कारण बेटियों की पड़ाई को बोझ माना जाता था और उनसे घर के काम कराए जाते थे, आज सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन के कारण माता-पिता अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, जो इस योजना की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है इसके अलावा मोदी सरकार ने मुद्रा योजना से भी गरीब महिलाओं के उत्थान का काम किया। आवास योजना के तहत जहां जहां भी आवास दिये गये वहां पर चाबियां महिलाओं को दी गयी, यानि इस योजना के केन्द्र में भी महिलाएं थी। उज्जवला योजना ने भी महिलाओं को लकड़ी के धुएं से मुक्ति दिलाने का काम किया। इन्द्रधनुष योजना के तहत महिलाओं के टीकाकरण के साथ ही आर्थिक रूप से भी मदद दी गयी। महिलाओं के स्वास्थ्य से लेकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की सोच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रही है। मातृ वंदन योजना, लखपति दीदी योजना जैसी योजनाओं से भी करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हुयी हैं।

महिलाओं के सम्मान के लिए ही मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया था लेकिन महिला विरोधी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। शांति मेहरा ने कांग्रेस पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से महिला विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि 1996 में यह बिल आया इस पर बहस हुई लेकिन पास नहीं हुआ। 2010 में फिर बिल आया लेकिन एक ही सदन में पास हो पाया। 27 साल लग गये इस बिल को पास करने में। 2023 में जब मोदी सरकार ने कानून बनाया तो तब भी कांग्रेस और विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए इसे लागू नहीं होने दिया। विपक्ष का विरोध का मकसद सिर्फ इतना है कि इसे मोदी सरकार पारित करा रही है। दो दिन चले विशेष सत्र में कांग्रेस और विपक्ष का महिला विरोधी चरित्र फिर उजागर हो गया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा की सोच है कि इस देश के अंदर सबको समान रूप से प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्तर सालों से देश को लूटने का काम कर रही थी लेकिन 2014 से मोदी सरकार आने के बाद उसकी लूट खसोट बंद हो गयीं। आज निकाय हो या विधानसभा हो या लोकसभा हो सबके माध्यम से जन कल्याणकारी कार्य कराये जा रहे हैं। भाजपा समान रूप से सबको प्रतिनिधित्व देना चाहती है। सरकार चाहती है कि जो हमारी आधी आबादी है उसे भी उनका अधिकार मिले। महापौर ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। महापौर ने कहा कि महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति में है और भाजपा इसे बखूबी निभाने का काम कर रही है। महापौर ने कहा कि महिलाओं को जब भी नेतृत्व मिलेगा निश्चित रूप से वह पुरूषों से बेहतर काम करेगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है, जबकि भाजपा ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों का गठबंधन केवल सत्ता का भूखा है, उन्हें महिलाओं के उत्थान से कोई सरोकार नहीं है। महापौर ने कहा कि देश की मातृशक्ति अब समझ चुकी है कि कौन उनके सम्मान के लिए लड़ रहा है और कौन केवल राजनीति कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस के दोहरे चरित्र को जनता के सामने रखेंगे।

# बंगाली समाज ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर बंगाली समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन जहां भाजपा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर हमला कर रहे हैं वहीं कांग्रेस इस मामले में बचाव करते हुए नजर आ रही है। कई दिन से इस मुद्दे को लेकर भाजपाई और कांग्रेसी आमने-सामने हैं। आज फिर भाजपाइयों ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।



बंगाली समाज के नेता राजकुमार शाह ने कहा की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सोशल मीडिया पर बंगाली समाज के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जो की बेहद निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहा है और देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत है। ऐसे में बंगाली समाज को घुसपैठिए कहना कांग्रेस की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कांग्रेस झूठ का सहारा ले रही है क्योंकि सोशल मीडिया पर अभी तक वह साइट चल रही है। जिसको कांग्रेसी फर्जी बता रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बंगाली समाज से माफी मांगे।

पुतला फूकने वालों में विशाल शील ,अपूर्व विश्वास, अनुकूल चक्रवर्ती, सपन शाह, अमरेंद्र ढाली, महेश राय, शंकर विश्वास, विजय डे, मुकुल चक्रवर्ती, सुशांत मंडल ,संजय साना, जयप्रकाश ढाली,अनिल अधिकारी, हिरनमय आदि समाज के लोग मौजूद थे।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillypparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# पेयजल संकट से निपटने को महापौर ने कसी कमर

## जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों संग बनाई रणनीति,अमृत योजना के तहत निःशुल्क मिलेंगे पानी के कनेक्शन



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर ।** भीषण गर्मी के आगाज और शहर में संभावित पेयजल संकट की आहट को देखते हुए महापौर विकास शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम कार्यालय में जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर ने घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।महापौर विकास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'अमृत योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि इस योजना के तहत 750 फीट की गहराई से निकाला जा रहा पानी गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसे घर-घर पहुंचाने के लिए प्रथम चरण में रमपुरा, संजय नगर खेड़ा और सुभाष कॉलोनी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है।

महापौर ने जनता को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि इन क्षेत्रों के निवासियों को नए पानी के कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा कनेक्शन का पूरा खर्च नगर निगम वहन करेगा।जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक सोमवार को जल संस्थान के जेई अनिवार्य रूप से नगर निगम कार्यालय में बैठेंगे। इससे आम जनता सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी और नए कनेक्शन की फाइलें भी जल्द निस्तारित होंगी। शिकायतों की निगरानी के लिए जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। महापौर ने विभागीय तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि जहां पाइपलाइन खराब है या स्टाफ की कमी है, वहां नगर निगम की टीम मरम्मत का कार्य करेगी और जल संस्थान आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा।

शहर के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि जो लोग व्यक्तिगत कनेक्शन नहीं ले सकते, उनके लिए वार्डों में स्टैंड पोस्ट लगाए जाएं ताकि उन्हें निशुल्क पानी मिल सके। सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर और मांग वाले क्षेत्रों में वाटर टैंकर्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, भीषण गर्मी में बेजुबान पशुओं के लिए जगह-जगह पानी के टब रखवाए जाएंगे। महापौर ने बताया कि शहर के शेष 26 वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाने के लिए भारत सरकार ने 196 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया है, जिसका टेंडर जल्द आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन 'हर घर जल' को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त रणदीप, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पियूष रंजन, राजू नबियाल, तरूण शर्मा, एसडीओ अन्नु अरोरा, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार, सीएमएम मनोज कर्नाटक, जल निगम के एई सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरूण शर्मा, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद प्रतिनिधि मानवेन्द्र, शुभम पाल सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 1 मई को खुलेंगे ज्योलिंगकांग स्थित शिवधाम के कपाट

## 28 अप्रैल से आदि कैलाश के लिए जारी होंगे परमिट

**पिथौरागढ़।** आगामी आदि कैलाश एवं ओम पर्वत यात्रा- 2026 की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इनर लाइन परमिट व्यवस्था तथा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संभावित बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए इनर लाइन परमिट हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया 28 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी, जिसके अंतर्गत श्रद्धालु पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। परमिट उपजिलाधिकारी, धारचूला कार्यालय के माध्यम से जारी किए जाएंगे। साथ ही ज्योलिंगकोंग स्थित प्रमुख शिव मंदिर के कपाट 1 मई 2026 को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

उन्होंने यात्रा मार्ग पर पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क, दूरसंचार, खाद्यान्न, शौचालय, सुरक्षा एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि उनकी अध्यक्षता में एक टीम गठित की जाए, जो यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व गुंजी क्षेत्र में जाकर सभी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि शेष कमियों का समय रहते निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा पिथौरागढ़, धारचूला के साथ-साथ पिथौरागढ़ मुख्यालय में भी प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्य को निर्देशित किया कि इनर लाइन परमिट की दैनिक स्थिति की निगरानी की जाए तथा इस वर्ष आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों का समुचित रिकॉर्ड रखा जाए, जिससे भविष्य की यात्राओं के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके। उन्होंने यात्रा मार्ग पर छोटे मेडिकल कैंप स्थापित करने, प्रमुख स्थानों पर ✓रू एंबुलेंस की तैनाती तथा इ्रूक्ष्क्क से प्रत्येक चेकपोस्ट पर मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

बैठक में सड़क एवं परिवहन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए धारचूला से गुंजी तथा गुंजी से आदि कैलाश एवं कालापानी मार्ग की स्थिति का जायजा लिया गया। बी.आर. ओ. को निर्देश दिए गए कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी सड़क मार्गों की कमियां दूर की जाएं। जिलाधिकारी ने टैक्सी, होमस्टे, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, शौचालय, साफ-सफाई एवं ठहरने की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही सप्लाई विभाग को डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पेट्रोल पंपों पर शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, मुख्य उपचिकित्सा अधिकारी प्रशांत कौशिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अंकिता भंडारी के हत्यारों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**चंपावत।** प्रदेश के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड व वर्तमान में चल रही आंगन बाड़ी हड़ताल पर विपक्ष के द्वारा लगाए गए आरोपो पर नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने बयान देते हुए कहा अंकिता पूरे प्रदेश की बेटी थी उसकी मौत पर सभी को दुख है। सांसद भट्ट ने कहा कि अंकिता के हत्यारो को सजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोई कसर नहीं छोड़ी और अंत में उसके हत्यारो को आजीवन कारावास की सजा हुई साथ ही मुख्यमंत्री के द्वारा सीबीआई जांच भी मामले कराई जा रही है जो जारी है किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।उन्होंने कहा मामले को सरकार ने काफी गंभीरता से लिया। वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की चल रही है हड़ताल पर बोलते हुए उन्होंने कहा आंगनवाड़ी कार्यकृतिया सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है उनकी हड़ताल काफी लंबे समय से जारी है कहा सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही है उनकी मांगों पर भी समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा इन मामलों पर विपक्ष व्यर्थ की राजनीति कर रहा है।

## विपक्ष ने किया मातृशक्ति का अपमान : लक्ष्मी



**पिथौरागढ़।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी मेहता के नेतृत्व में भाजपा जिला ईकाई महिला मोर्चा ने कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के विरोध में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। माताओं और बहिनों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित न होने पर रैली में जोरदार नारेबाजी करके अपना आक्रोश प्रकट किया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी मेहता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होने से रोककर कांग्रेस और विपक्षी दलों ने मातृशक्ति का घोर अपमान किया है। देश की मातृशक्ति आने वाले चुनावों में कांग्रेस और विपक्षी दलों को हराकर इसका प्रतिशोध लेगी। पदयात्रा में महिलाओं ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने वाले इस ऐतिहासिक विधेयक का विरोध कर विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर कल्पना देवलाल, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री दीपिका बोरा, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माला सौन, नगर अध्यक्ष पुष्पा सौन, महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## मेयर देवलाल ने बजेटी में किया सीवरेज विस्तार कार्य का शुभारंभ

**पिथौरागढ़।** नगर निगम महापौर कल्पना देवलाल तथा सीडीओ डॉ. दीपक सैनी ने बजेटी एवं न्यू बजेटी वॉर्ड में लगभग 2 करोड़ रुपए की राशि से राज्य सैक्टर कार्यक्रम में प्रस्तावित सीवरेज विस्तार कार्य का पार्षद हंसी प्रकाश, प्रवीण उपरारी, जलनिगम अधिकारियों, स्थानीय गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन करके शुभारम्भ किया। मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि सीवरेज विस्तार कार्य केवल एक परियोजना नहीं बल्कि क्षेत्र की जीवन गुणवत्ता सुधारने की ठोस कार्यवाही है। योजना के द्वारा बजेटी और न्यू बजेटी वार्ड में सैकड़ों परिवारों को सीवरेज कनैक्शन देकर लाभान्वित किया जा रहा है। बेहतर जल निकासी, स्वच्छ वातावरण और व्यवस्थित शहरी सुविधाएं सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत 1134 मीटर सीवरेज लाईन निर्माण, मेन होल्स निर्माण आदि कार्य प्रस्तावित हैं। भूमि पूजन कार्य में अधीक्षण अभियंता आर. एस. धर्मशक्तू, सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी, अधिशासी अभियंथशता पीएन चौधरी, उमेश अवस्थी, आशीष भट्ट, कनिष्ठ अभियंता कविंद्र बिष्ट, राजेंद्र सेठी, मनोज देवलाल, नवीन सेठी, भोपाल राम, चंद्र प्रकाश, धीरेंद्र सेठी, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।



## छह साल बाद लिपूलेख दर्रे से होगा भारत चीन व्यापार

**पिथौरागढ़।** भारत चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में दोबारा प्रारंभ किए जाने के संबंध में जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदेश मंत्रालय द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार दोबारा प्रारंभ करने पर अनापत्ति मिलने के बाद प्रस्तावित व्यापार सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि व्यापार अवधि जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर सितंबर तक प्रस्तावित है। मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही व्यापार संचालन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी तथा समस्त कार्य विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सीमा व्यापार प्रारंभ होने से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर, सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। बी. एस. एन. एल. को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने तथा जिला पंचायत एवं पर्यटन विभाग को गुंजी क्षेत्र में शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि बैठक में भारतङ्कचीन सीमा व्यापार की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लगभग 6 वर्षों के अंतराल के बाद पुन: प्रारंभ हो रहे इस व्यापार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। बैठक में तकलाकोट व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने भी प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सभी कार्य भारत सरकार, विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जाएंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं को मंत्रालय स्तर पर उठाकर समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए आमजन एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, मुख्य उपचिकित्साधिकारी प्रशांत कौशिक, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, कुमाऊं रेजिमेंट, बी. आर. ओ. तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारधाम यात्रा के लिए प्रेषित की शुभकामनाएं

## डिजिटल उपवास पर रहते हुए, उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें तीर्थयात्री

**उत्तरकाशी (मोहन सिंह राणा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारधाम यात्रा शुरु होने पर देशवासियों को शुभकामना संदेश देते हुए, उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से पांच संकल्पों का पालन करने का आग्रह किया है। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर प्रेषित अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि बाबा केदार के दर्शन सहित चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने बद्रीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगद्गुरु रामानुजाचार्य और जगद्गुरु माध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बद्रीनाथ की यात्रा की थी। आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारों धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले, उन्होंने बाबा केदार के द्वार पर खुद ये कहा था कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज उत्तराखंड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखंड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखंड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। जिससे श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को सुविधा हो रही है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले अतिथियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखते हुए, उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे उन्हें एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

**1- पांच संकल्प**

**पहला संकल्प - स्वच्छता सर्वोपरि**

धाम और उसके आसपास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।

**दूसरा संकल्प - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता**

हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहे। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, एक पेड़ मां के नाम जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**तीसरा संकल्प - सेवा, सहयोग और एकता पर बल**

पुरातन काल से तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। इसीलिए तीर्थयात्री अपनी यात्रा के प्रत्येक दिन, किसी ना किसी रूप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें। सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़े। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।

**चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा**

अपने मूल स्थान से चलकर घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।

**पांचवां संकल्प - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन**

यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो। प्रधानमंत्री ने क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स से भी उत्तराखंड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

# पराली की आग से मकान राख, लाखों का सामान जला

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र के चिंतीमझरा गांव में बुधवार दोपहर एक बड़ी अग्निकांड की घटना सामने आई, जहां खेतों में पड़ी गेहूं की पराली में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग पास बने फार्म हाउस तक पहुंच गई और एक मकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आग खेतों में पड़ी सूखी पराली से शुरू हुई थी, जो तेज हवा के चलते फैलते हुए घर तक पहुंच गई। घटना के समय घर में मौजूद लोग सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आकर घर के अंदर रखा गैस चूल्हा, फ्रिज, कूलर, तीन मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, पंखे, जरूरी शैक्षिक प्रमाण पत्र, सिलेंडर, बिस्तर, राशन और करीब 50 हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बेकाबू थीं। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाकर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को सहायता देने की बात कही है।

# जिला चिकित्सालय में भर्ती महिला को हेली सेवा हायर सेंटर रेफर

**उत्तरकाशी।** जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में भर्ती एक पेसेंट श्रीमती हेमंती पत्नी आलेंद्र सिंह नेगी निवासी ग्राम पटारा तहसील डुंडा उत्तरकाशी को दूसरी प्रेगनेंसी है जिसमें महिला के पेट बहुत गंभीर इंफेक्शन होने के कारण चिकित्सकों द्वारा हेली एंबुलेंस के माध्यम से रेफर किए जाने की सलाह दी गई है जिसके दृष्टिगत परिजनों द्वारा हेली एंबुलेंस का अनुरोध किया गया है अनुरोध क्रम में जिला प्रशासन द्वारा हैली की मांग कर उक्त महिला पेशेंट को एयर हेली एंबुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश हेतु भेजा गया है।

# ट्रक की टक्कर से किशोर की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपलिया नाथू निवासी रोहतास का पुत्र नितिन कुमार (16 वर्ष) 18 अप्रैल को पेट्रोल पंप से बाइक में तेल डलवाकर नकटपुरा चौराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान अमरिया दिशा से तेज गति से आ रहे एक डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उप जिला अस्पताल, सितारगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेल व बैटरी चोरी, तीन अज्ञात पर मुकदमा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेल और बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन अज्ञात कार सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गौरीखेड़ा निवासी ट्रक चालक फारुख के अनुसार, 18 अप्रैल की रात उसने एक निजी अस्पताल के सामने अपना ट्रक खड़ा किया था। इसके बाद वह पास की दुकान में सो गया। देर रात करीब डेढ़ बजे उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि ट्रक के पास एक कार खड़ी है, जिसमें बैठे तीन लोग टैंक से तेल निकाल रहे थे। चालक ने शोर मचाया तो आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। पीछा करने के बावजूद वे हाथ नहीं आए। बाद में जांच करने पर ट्रक से करीब 200 लीटर तेल और दो बैटरियां गायब मिलीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच जारी है।

# प्रकृति शोध संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस का आयोजन

**उत्तरकाशी।** प्रकृति शोध संस्थान, उदयपुर के उत्तराखंड समन्वयक प्रोफेसर बी. पी नैथानी के निर्देशन में जनपद समन्वयक उत्तरकाशी डॉ. सुमिता पंवार द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्राम लक्षेश्वर, जनपद उत्तरकाशी, उत्तराखंड में प्रकृति संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रकृति शोध संस्थान, उदयपुर की जनपद स्तरीय समिति की महिला सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण, गंगा नदी तट पर बने स्नान घाटों की साफ सफाई, एवं चार धाम यात्रा हेतु आने वाले तीर्थ यात्रियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति द्वारा प्रकृति संरक्षण हेतु विभिन्न



फलदार वृक्षों का रोपण अपने गांव में किया गया तथा साथ ही भागीरथी नदी के किनारे निर्मित स्नान घाटों पर साफ सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही गंगोत्री यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आने वाले यात्रियों हेतु एक स्वागत पत्र तैयार किया गया, जिसमें प्रकृति संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रमुख बिंदुओं को अंकित किया गया, जिससे कि यात्रियों को प्रकृति संरक्षण हेतु जागरूक किया जा सके। जनपद प्रभारी डॉ. सुमिता पंवार द्वारा बताया गया, कि प्रकृति शोध संस्थान, उदयपुर के निदेशक प्रोफेसर व्यास के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में इस प्रकार के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रकृति शोध संस्थान उदयपुर की जनपद स्तरीय समिति की महिला सदस्यों में रीना राणा-उपाध्यक्ष, किरन- कोषाध्यक्ष, उमागिरी-सचिव, श्रीमती पुष्पा राणा, चंद्रा देवी, विनीता देवी, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**उत्तरकाशी (मोहन सिंह राणा)।** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र ने वर्चुअल माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक की।



एडीएम मुक्ता मिश्र ने बताया कि वर्तमान में जनपद का मैपिंग प्रतिशत 92.22प्रतिशत है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन मतदान स्थलों पर अभी भी मतदाता अमानचित्रित हैं, उन्हें शीघ्र मानचित्रण किया जाए। इसके साथ ही विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू होने से पहले सभी मतदान स्थलों पर अनिवार्य रूप से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य को डिजिटल माध्यम से सुगम बनाने के लिए एडीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर एप का सघन प्रशिक्षण प्रदान करें। बैठक में एसडीएम,तहसीलदार सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा आदि अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भराण गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान आयोजित

**उत्तरकाशी।** स्वास्थ्य विभाग की जिला मुख्यालय की टीम द्वारा अंतरवैयक्तिक संवाद (आईपीसी) के माध्यम से डुंडा ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र के गांव ऊपरीकोट एवं भराण गांव में पहुँचकर समुदाय, गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को सुरक्षित प्रसव का महत्व तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर एवं समुदाय में बैठक कर, गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।



स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों एवं गर्भवती महिलाओं को बताया कि सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल में प्रसव कराना क्यों जरूरी है और इससे मां व नवजात शिशु की जान को होने वाले जोखिम को कैसे कम किया जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में प्रसव से पहले जन्म योजना बनाने, आवश्यक तैयारियां करने तथा गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने के महत्व पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही ईजा-बोई शगुन, जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि और नि:शुल्क सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को बताया कि प्रसव के समय नि:शुल्क परिवहन के लिए 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के उचित पोषण और परिवार कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और अधिक से अधिक प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में कराए जाएं, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एच एम हरदेव सिंह राणा, जिला आई ई सी/बी सी सी अनिल बिष्ट, एन सी डी कंसल्टेंट ज्ञानेंद्र पंवार, आशा फैसिलिटेटर सरिता राणा एवं क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहे ।

# जंगल में लापता महिला को वन विभाग की टीम ने गुफा से किया सकुशल बरामद

**अल्मोड़ा।** जंगल में चारा लेने गई एक महिला के लापता होने के बाद वन विभाग की टीम ने खोजबीन कर उसे सकुशल बरामद कर लिया। घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया था। ग्राम भेटुली, पोस्ट अयारपानी निवासी पूजा मंगलवार शाम को जंगल चारा लेने गई थी, लेकिन देर तक घर नहीं लौटी। बुधवार तड़के ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिजनों ने किसी वन्य जीव के हमले की आशंका जताई। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी बिन्सर मनोज सनवाल के नेतृत्व में टीम गठित कर खोजबीन शुरू की गई। टीम ने ग्रामीणों द्वारा बताए गए क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। खोजबीन के दौरान महिला को उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर बिन्सर वन्यजीव विहार के कफड़खान बीट क्षेत्र में स्थित एक गुफा से सुबह करीब साढ़े छः बजे सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई पर ग्रामीणों ने सराहना व्यक्त की है।

# एसपी ने लिया गंगोत्री धाम का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा-2026 एसपी उत्तरकाशी ने गंगोत्री धाम में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, मन्दिर समिति के साथ की बैठक। चारधाम यात्रा-2026 को लेकर श्रद्धालुओं में उमंग एवं उत्साह है। यात्रा के दौरान प्रतिदिन भारी संख्या में तीर्थयात्री श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के दर्शन को पधार रहे हैं। सुगम एवं सुरक्षित यात्रा हेतु पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय लगातार सक्रिय हैं। वह स्वयं ग्राउण्ड जीरो पर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने गंगोत्री यात्रा मार्ग पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरान्त गंगोत्री धाम की संपूर्ण ड्यूटी, पुलिस, एसडीआरएफ एवं एटीएस की टीमों को ब्रीफ किया। यात्रा प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण के साथ आगामी दिनों की तैयारियों को परखा गया। श्री गंगोत्री धाम पर मां गंगा जी की संध्याकालीन आरती में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना कर सुरक्षित यात्रा एवं सभी की खुशहाली की कामना की गयी। यात्रा के सुगम संचालन के दृष्टिगत मन्दिर समिति एवं तीर्थपुरोहितों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर पुलिस-प्रशासन व मन्दिर समिति ने साथ मिलकर यात्रा के सरल एवं सुरक्षित संचालन तथा यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु चर्चा-परिचर्चा की। आगामी यात्रा पीक को देखते हुये व्यवस्थित यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की रणनीति बनायी गयी। स्नान घाटों पर श्रद्धालु की सुरक्षा, व्यवस्थित व कतारबद्ध दर्शन के साथ धाम पर प्रभावी यातायात व पार्किंग व्यवस्था की योजना पर जोर दिया गया। सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से धाम की हर गतिविधि पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, पुलिस उपाधीक्षक श्री रविकान्त सेमवाल, प्रभारी निरीक्षक हर्षिल प्रदीप तोमर, चौकी प्रभारी गंगोत्री प्रमोद उनियाल, मन्दिर समिति के पदाधिकारी एवं तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

# जेल समीक्षा दिवस पर नई टिहरी कारागार में विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण आयोजित



**उत्तरकाशी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के अनुपालन में जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर जिला कारागार नई टिहरी में जनपद उत्तरकाशी के निरुद्ध बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार ने बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मामलों की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वे जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क वकील प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बंदियों को यह भी अवगत कराया गया कि वे जिला उत्तरकाशी हेतु नियुक्त जेल पीएलवी (पैरालीगल वॉलंटियर)/अधिकार मित्र से भी कानूनी सलाह और सहायता ले सकते हैं। इस दौरान जेल अधीक्षक को निर्देश दिए गए कि सिद्धदोष (दोषसिद्ध) बंदियों की जेल अपील समयबद्ध तरीके से संबंधित न्यायालय में प्रेषित की जाए। कार्यक्रम में उपस्थित उत्तरकाशी जनपद के बंदियों ने बताया कि उन्हें विधिक सहायता/अधिवक्ता उपलब्ध हैं। इस अवसर पर सचिव सचिन कुमार, जेल अधीक्षक, उपमुखिया लीगल एवं डिफेंस सिस्टम तथा कारागार के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# धूल रोकने को पानी छिड़काव कहने पर विवाद, बाजार बंद कर धरना, 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र में स्टोन क्रशर कर्मियों और ग्रामीणों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति व पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह पर क्रशर कर्मियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ मौजूद कुछ अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में खनन वाहनों के कारण उड़ रही धूल को रोकने के लिए सड़क पर पानी छिड़काव कराने की बात को लेकर मंगलवार को विवाद शुरू हुआ। पहले कहासुनी हुई, लेकिन बाद में मामला बढ़ गया। आरोप है कि शाम के समय कुछ क्रशर कर्मचारी एकजुट होकर बाजार क्षेत्र में पहुंचे और हमला कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और व्यापारियों ने सिसौना बाजार बंद कर दिया और क्रशर गेट के पास धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़कें खराब हो रही हैं और धूल-मिट्टी से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। धरना स्थल पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उधर, पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# शादियों को बनाया हरित संदेश का माध्यम, समलौण पहल के तहत नवदम्पतियों ने किया पौधारोपण





**पौड़ी गढ़वाल ( अंकित उनियाल )।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के विभिन्न विकास खंडों में समलौण पहल के तहत शादियों के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। विकास खंड थलीसैंण के पट्टी कण्डारस्यूं अंतर्गत ग्राम नौगांव पज्याणा में शादी के बाद नवदम्पति अनूप और गीता ने अपने घर के आंगन में मौसमी का पौधा रोपकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत को यादगार बनाया। पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी गीता ने स्वयं ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना की नायिका कंचन रावत ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और इनके बिना जीवन संभव नहीं है। परिवार द्वारा समलौण सेना को 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की गई। इसी क्रम में विकास खंड पाबो के पट्टी बाली कण्डारस्यूं के ग्राम सैंजी में अजय और साक्षी ने संतरे का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी साक्षी की माता ने ली।कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना की नायिका गीता देवी ने किया।उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और जलस्रोत को बचाने की अपील की। इस अवसर पर समलौण सेना की महिलाओं सहित ग्रामीण मौजूद रहे। दूल्हे द्वारा समलौण सेना को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वहीं विकास खंड थलीसैंण के पट्टी चोपड़ाकोट अंतर्गत ग्राम जखोला में नवदम्पति बालकिशन और कल्पना ने नारंगी का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन समलौण आंदोलन के ब्लॉक संयोजक ललिता प्रसाद ममगाई ने किया। उन्होंने कहा कि समलौण अब एक परंपरा बन चुकी है, जिससे हर आयु वर्ग के लोग प्रेरित होकर जीवन के प्रत्येक संस्कार में पौधारोपण कर रहे हैं। इससे जहां हरियाली बढ़ रही है, वहीं पर्यावरण भी सशक्त हो रहा है।कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी से वनों को आग से बचाने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की गई।

# जिला चिकित्साधिकारी डॉ. बी. एस. रावत ने किया हिना स्क्रीनिंग प्वाइंट औचक निरीक्षण



**उत्तरकाशी।** जनपद उत्तरकाशी में चारधाम यात्रा के सफल एवं सुरक्षित संचालन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत द्वारा स्क्रीनिंग प्वाइंट हीना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां तैनात चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक श्रद्धालु की अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए, जिससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विशेष रूप से हाइरिस्क श्रेणी के श्रद्धालुओं के संबंध में निर्देशित किया कि उन्हें यात्रा से पूर्व जिला चिकित्सालय अथवा नजदीकी स्वास्थ्य इकाइयों में समुचित उपचार एवं परामर्श लेने के उपरांत ही यात्रा पर प्रस्थान करने की सलाह दी जाए। निरीक्षण के दौरान डॉ. रावत द्वारा विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक संवाद किया गया एवं उनका फीडबैक लिया गया। श्रद्धालुओं ने दोनों धामों के मार्ग में स्थापित चिकित्सा इकाइयों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। इसके अतिरिक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चारधाम यात्रा के व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद आज जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग से संबंधित मरीजों की ओपीडी भी देखी गई, जिससे आम जनमानस को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# बमठी गांव में फिर गुलदार का हमला, 62 वर्षीय महिला को बनाया निवाला

**पौड़ी गढ़वाल।** पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक लगातार गहराता जा रहा है। विकासखंड पौड़ी के बमठी गांव में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 62 वर्षीय सीता खंडूरी को गुलदार ने अपना शिकार बना लिया। जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर के आसपास ही दैनिक कार्यों में व्यस्त थी, तभी पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गुलदार की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसका खामियाजा अब लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। यह इस इलाके में गुलदार द्वारा की गई पांचवीं मौत है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। टीम ने ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाकर महिला का शव बरामद किया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की।वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरे लगाए जा रहे हैं और लगातार गश्त भी की जा रही है। साथ ही आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विभाग का दावा है कि जल्द ही गुलदार को पकड़कर लोगों को राहत दी जाएगी।वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आदमखोर गुलदार को जल्द से जल्द पकड़कर क्षेत्र को सुरक्षित किया जाए। लोगों का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि वे अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते खतरे को उजागर कर दिया है, जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

# रघुवंशी मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** ऑल इण्डिया शतरंज फैडरेशन व उत्तराखण्ड शतरंज फैडरेशन के तत्वाधान में देवभूमि शतरंज एसोसिएशन द्वारा भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल लालपुर, रूद्रपुर में पांच दिवसीय स्व0 श्री धीरज सिंह रघुवंशी मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया व अध्यक्ष फैन्सिंग फैडरेशन एशिया राजीव मेहता, अध्यक्ष शतरंज फैडरेशन इण्डिया भरत सिंह चौहान ने दीप प्रज्जलित कर शुभारम्भ किया। इस ऑल इण्डिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता में देश 260 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जिसे कोई भी, कभी भी, कही भी खेल सकते है। शतरंज खेल की सभी जानकारियां इंटरनेट पर मौजूद है, जिससे बच्चे आसानी से सीख सकते है। उन्होने कहा शतरंज खेल दिमाग को तेज बनाता है व इस खेल को खेलने वालों को बुड़ापे में मनोअवसाद भी नही होता है। उन्होने इस शतरंज प्रतियोगिता को रूद्रपुर में कराने के लिए ऑल इण्डिया शतरंज फैडरेशन व उत्तराखण्ड शतरंज फैडरेशन को बधाई दी। उन्होने खिलाड़ियों से कहा कि खेलो को लक्ष्य बनाकर खेले व नियमित अभ्यास करें ताकि ऑल इण्डिया में अच्छी रेंक हासिल करते हुए ओलम्पिक में भी प्रतिभाग कर सकें।

कार्यक्रम में देवभूमि एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चड्डा, महासचिव मनोज खेड़ा, महासचिव ओलम्पिक एसोसिएशन डॉ0 डीके सिंह, संजवी चौधरी, सीमा सिंह, प्रधानाचार्य भातीय इंटरनेशनल स्कूल रश्मि आनंद सहित शतरंज फैडरेशन के अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद थे।

# चार महीनों में छठी मौत, महिला को बनाया शिकार, ग्रामीणों में उबाल

**नैनीताल।** जिले में आदमखोर बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग के ज्योली गांव में बाघ ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया। पिछले चार महीनों में यह छठी घटना है, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्योली गांव निवासी 50 वर्षीय हेमा देवी, पत्नी दया किशन पांडे, बुधवार दोपहर गांव की दो अन्य महिलाओं के साथ जंगल में चारा लेने गई थीं। दोपहर बाद अन्य महिलाएं लौट आईं, लेकिन हेमा देवी घर नहीं पहुंचीं। देर शाम परिजन जब उनकी तलाश में जंगल पहुंचे तो झाड़ियों के बीच उनका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। बाघ ने उन पर बेहद बेरहमी से हमला किया था।

घटना की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश भड़क उठा। सैकड़ों ग्रामीण



महिला का शव लेकर रानीबाग स्थित वन विभाग चौकी पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों ने बाघ को मारो के नारे लगाते हुए आदमखोर बाघ को तुरंत मार गिराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक बाघ को आदमखोर घोषित कर खत्म नहीं किया जाता, तब तक क्षेत्र में लोगों की जान सुरक्षित नहीं है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और लिखित आश्वासन दिया कि बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा, इलाके में गश्त बढ़ाई जाएगी और उसकी लोकेशन ट्रैक करने के लिए विशेष टीम तैनात की जाएगी।

प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब रात 11 बजे ग्रामीणों का धरना समाप्त हुआ, लेकिन क्षेत्र में भय और आक्रोश अब भी बरकरार है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं के कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल वन विभाग ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है, लेकिन आदमखोर बाघ के खौफ से पूरा क्षेत्र सहमा हुआ है।

## भुवनेश्वरी में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित



**पौड़ी गढ़वाल अंकित उनियाल।** भुवनेश्वरी स्थित ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अनवरत जन अभियान के अंतर्गत एक भव्य, भावपूर्ण और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन से हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिकता और प्रकृति-भक्ति से सराबोर हो उठा।इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर समाज में धरती माता के प्रति संरक्षण, संवर्धन और मातृत्व भाव को जागृत करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, आचार्यों और विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अपनी मातृभूमि को हरित, समृद्ध और सुरक्षित बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।गुरुकुल के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, श्रद्धा और समर्पण भाव से पूजन में भाग लेते हुए यह संदेश दिया कि उनके हर विचार, हर कर्म और हर कर्तव्य में धरती माँ के प्रति सम्मान और संरक्षण का भाव सदैव बना रहेगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संयोजक (ग्राम विकास गतिविधि) देवेंद्र , विभाग प्रचारक राहुल , गढ़वाल मंडल पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक देवेंद्र, विभाग संचालक अनुसूया प्रसाद सुंदरियाल, डॉ. नवीन ममगाईं, ईशान डोभाल, मुख्य पुजारी विकास जुयाल सहित विद्यालय परिवार के सभी कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण पर केंद्र सरकार जनता को कर रही गुमराह : पाल



**अल्मोड़ा।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक नारायण पाल ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण कानून को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत कर रही है और विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस, को महिला विरोधी बताने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को जानबूझकर परिसीमन और पुरानी जनगणना से जोड़ दिया गया है, जिससे इसके क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी हो रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून में ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है।

नारायण पाल ने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण के नाम पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को निशाना बना रही है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस झूठ को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने क्वारब क्षेत्र की बदहाल सड़कों पर चिंता व्यक्त की और इसके लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मंत्री होने के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।पूर्व विधायक ने राज्य और देश में बढ़ती बेरोजगारी और पलायन पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि अल्मोड़ा जिले में लगभग 1.52 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए पलायन आयोग से अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं। नारायण पाल ने अपने सामाजिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वह हमेशा चिपको आंदोलन और शराब नहीं, रोजगार दो जैसे जन आंदोलनों के समर्थक रहे हैं। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ताराचंद जोशी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधा बिष्ट, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष संजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशा फैसिलेटरों ने सौंपा ज्ञापन



**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत आशा फैसिलेटरों के एक शिष्टमंडल ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में आशा फैसिलेटरों ने बताया कि वे वर्ष 2006 से आशा कार्यकर्ता के रूप में स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रही हैं। कार्यभार बढ़ने के चलते पूरे प्रदेश में उनकी योग्यता के आधार पर आशा फैसिलेटर नियुक्त किए गए, जिनके अधीन 15 से 30 आशा कार्यकर्ता कार्य करती हैं। एक आशा फैसिलेटर को 15 से 20 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और संचालन का जिम्मा निभाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वे पूरे माह निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करती हैं, लेकिन उन्हें केवल 25 दिनों का ही मानदेय दिया जाता है, जो बेहद कम है और कार्य के अनुपात में नहीं है। आशा फैसिलेटरों ने अपनी प्रमुख मांगों में राज्य प्रोत्साहन राशि को वर्तमान 2000 से बढ़ाकर 5000 किए जाने, मानदेय में वृद्धि तथा सर्दी और गर्मी के लिए अलग-अलग पोशाक उपलब्ध कराने की मांग उठाई। शिष्टमंडल ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा का विपक्ष पर तीखा प्रहार

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद में पारित नारी शक्ति वंदन



अधिनियम और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। यहां नगर निगम सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मेयर अजय वर्मा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (झस्ष्ठ) और डीएमके पर महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े होने तथा देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है।भाजपा के अनुसार, 16 और 17 अप्रैल को संसद में संविधान (संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पर हुई चर्चा देश के लोकतांत्रिक भविष्य और महिलाओं की भागीदारी से जुड़ा एक ऐतिहासिक अवसर था। पार्टी का कहना है कि विपक्ष ने इस अवसर पर रचनात्मक सहयोग देने के बजाय महिला-विरोधी मानसिकता का परिचय दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए भाजपा ने कहा कि महिलाओं को नीति-निर्माण में भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक और स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्त मतदान इन मुद्दों पर निर्णायक प्रभाव डालेगा।भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल वर्षों से महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व से वंचित करते रहे हैं, जो हालिया बहस में एक बार फिर उजागर हुआ। पार्टी ने विपक्ष के रवैये को अलोकतांत्रिक, शर्मनाक और महिला-विरोधी बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, इन विधेयकों का उद्देश्य एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के संवैधानिक सिद्धांत को प्रभावी रूप से लागू करना है। उन्होंने परिसीमन को एक आवश्यक संवैधानिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसे लंबे समय तक टालने से प्रतिनिधित्व में असंतुलन उत्पन्न हुआ है।

## गंगा सप्तमी पर युवा समाजसेवकों ने राहगीरों को शरबत पिलाकर किया शीतल



**विनोद पाल**

**टनकपुर।** गुरुवार गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सीताराम मंदिर के सामने युवा समाज सेवकों ने शरबत वितरण कर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। बढ़ती गर्मी के बीच शरबत वितरण कार्यक्रम से राहगीरों को राहत मिली। इस दौरान गौरव जोशी, भरत कुमार सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, पंकज जोशी, तुषार बिष्ट, शुभम कापड़ी, केशव पांडे, आदि युवा समाज सेवक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से तारा दत्त जोशी को मिली आर्थिक सहायता

**चम्पावत।** जनपद के ग्राम ढकना बडोला निवासी तारा दत्त जोशी को मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह



सहयोग उनके लंबे समय से चल रहे गंभीर बीमारी के उपचार में राहत देने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है।बताया गया है कि तारा दत्त जोशी पिछले लगभग कई वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। निरंतर उपचार के चलते उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई। हाल ही में उन्होंने अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिलाधिकारी ने मामले को संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत कराई। इस आर्थिक सहायता से तारा दत्त जोशी एवं उनके परिवार को राहत मिली है। उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किमतोली में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

## एक हैंड पंप के भरोसे 50 से अधिक परिवार ग्रामीणों ने योजना पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### हैंड पंप चलाते-चलाते महिलाओं व बच्चों के हाथों में पड़े छाले



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट।** ब्लॉक के सीमांत किमतोली क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मात्र एक हैंड पंप पर 50 से अधिक परिवार निर्भर है। त्रिलोक सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया पिछले चार वर्षो से जल जीवन मिशन योजना लटकी पड़ी हुई है पर कोई सुध लेने वाला नहीं है। हैंड पंप चलते-चलते महिलाओं व बच्चों के हाथों में छाले पड़ चुके हैं। पर कई बार विभाग व जनप्रतिनिधियों से कहने के बावजूद उनकी पेयजल समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने योजना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है। कहा क्षेत्र वर्षों से पेयजल समस्या से जूझ रहा है पर प्रशासन के द्वारा उनकी कोई भी सुध नहीं ली जा रही है ना विभाग उनकी सुन रहा है सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन बरसों से दिए जा रहे हैं। जबकि मोदी सरकार की इस जन कल्याणकारी योजना के मुताबिक हर परिवार को पेयजल उपलब्ध कराना था। पर यहा योजना का मजाक बनाकर रख दिया गया है।

ग्रामीणों ने कहा गर्मी बढ़ने के साथ-साथ भीषण पेयजल किल्लत क्षेत्र में होने लगी है। महिलाओं व बच्चों का अधिकतर समय हैंड पंपो में बीत रहा है। कहां वह अपने मवेशियों को भी पानी नहीं पिला पा रहे । ग्रामीणों ने कहा जो सरकार पेयजल तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है ऐसी सरकार का क्या फायदा ।ग्रामीणों ने कहा हर जगह सोलर हैंड पंप स्थापित किया जा रहे हैं पर उन लोगों को यही सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गई है ।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी डीएम कार्यालय में धरना देने को मजबूर होंगे। मामले में यूकेडी नेता राजू भैया ने बताया च

किमतोली क्षेत्र में बूंद बूंद पानी के लिए जनता परेशान है ।एकमात्र हैंडपंप में रात दिन ग्रामीण पेयजल जुटाने में लगे रहते हैं पर सरकार व प्रशासन समस्या का समाधान करने को तैयार नहीं है। जल जीवन मिशन पिछले 4 वर्षों से अधूरा पड़ा है। पर इन ग्रामीणों की सुध न तो सरकार ले रही है और ना प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि।

उन्होंने बताया इसके अलावा छीड़ा खाल तोक मे भी पेय जल का भीषण संकट मचा हुआ है। उन्होंने शासन प्रशासन से जल्द पेयजल समस्या के समाधान तथा जल जीवन मिशन योजना को पूरी करने की मांग की है। वहीं लोगों ने कहा जिले में जल जीवन मिशन योजना का मजाक बनाकर रख दिया गया है। जिले की अधिकतर योजनाएं अधूरी पड़ी है और जनता बूंद- बूंद पानी के लिए तरस रही है।

### गाय के पेट में धसा पाइप देवदूत फायर ब्रिगेड ने बचाई जान

**लोहाघाट।** फायर ब्रिगेड के जवानों ने देवदूत की भूमिका निभाते हुए गाय की जान बचाई। कल शाम एसडीएम कार्यालय लोहाघाट के पास भागीरथी जोशी की गाय के पेट में लोहे का पाइप धस गया जिससे गाय की जान को खतरा पैदा हो गया और गाय दर्द से बुरी तरह छटपटाने लगी। सूचना मिलते ही लोहाघाट फायर स्टेशन प्रभारी हंसराज सागर के नेतृत्व में फायर टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और और कड़ी मशक्कत के बाद रस्सियों के सहारे किसी तरह गाय को उठाकर पेट में घुसे पाइप को बाहर निकाला गया। फायर टीम के द्वारा पशु चिकित्सालय को घटना की सूचना दी गई सूचना पर पशु चिकित्सक डॉक्टर जनक चंद मौके पर पहुंचे और घायल गाय का उपचार किया गया। फायर स्टेशन प्रभारी हंसदास सागर ने बताया गाय की जान बच गई है गाय को सुरक्षित पशुपालक को सौंप दिया गया है। तो वहीं फायर ब्रिगेड लोहाघाट की तत्काल कार्यवाही और गाय की जान बचाने के लिए लोगों ने फायर टीम के कार्य की सराहना की है ।लोगों ने कहा फायर टीम की तत्परता से ही आज गाय की जान बच पाई है।

## मातृ शक्ति की सबसे बड़ी दुश्मन है कांग्रेस : भट्ट



**चंपावत।** नैनीताल सांसद अजय भट्ट चंपावत पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में सांसद अजय भट्ट ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर जमकर निशाना साधा ।कहा कांग्रेस व उसके सहयोगी दल मातृ शक्ति की तरक्की के सबसे बड़े दुश्मन है। सांसद अजय भट्ट ने कहा 70 सालों तक महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार नहीं मिला लेकिन जब मौका बदलाव का आया तो विपक्ष ने फिर वही पुराना खेल खेलकर बहनों व बेटियों को आगे बढ़ाने के बजाय उन्हें फिर पीछे धकेल दिया। कहा यह सिर्फ एक बिल की हार नहीं थी यह उन करोड़ों महिलाओं के सपनों की हत्या थी जिन्हें सालों से इंतजार था अपने हक का। उन्होंने कहा 70 सालों से महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक समझा गया और जब असली अधिकार देने का वक्त आया तो पूरा विपक्ष पीछे हट गया।

बड़ी-बड़ी बातें करने वाले विपक्षी नेताओं ने साबित कर दिया कि उन्हें महिलाओं की तरक्की से नहीं सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है ।कहा यह हार महिलाओं की नहीं बल्कि उस सोच की जीत है जो उन्हें हमेशा पीछे रखना चाहती है। उन्होंने कहा जब देश में करोड़ों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं अपने पैरों पर खड़ी हो रही है तब राजनीति में उन्हें उनका हक मिलने से रोक दिया गया। विपक्ष ने एक बार फिर दिखा दिया कि उन्हें महिलाओं की तरक्की से नहीं अपने स्वार्थ से मतलब है जो महिलाएं घर और समाज बदल रही हैं उन्हें देश की नीतियां बदलने से रोक दिया गया है।कहा एक तरफ महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है रिकॉर्ड बना रही हैं। लेकिन जब उन्हें संसद और विधानसभा में जगह देने की बात आई तो विपक्ष ने दीवार खड़ी कर दी यह साफ दिखाता है कि उनके लिए महिलाओं की प्रगति नहीं सत्ता की राजनीति ज्यादा मायने रखती है। उन्होंने कहा जो दरवाजे महिलाओं के लिए खुलने वाले थे उन्हें फिर से बंद कर दिया गया ।महिलाओं को नेतृत्व का मौका मिलने वाला था लेकिन विपक्ष ने उन्हें वहीं रोक दिया जहां वह सालों से खड़ी थी। यह सिर्फ एक बिल की हार नहीं है यह अवसरों की हत्या है। उन्होंने कहा विपक्ष ने उन बेटियों के सपनों की हत्या की जो संसद व विधानसभा तक पहुंचने का सपना देख रही थी। उनके रास्तों में फिर दीवार खड़ी कर दी गई ।यह सिर्फ आज की हार नहीं है यह आने वाले कल के साथ भी अन्याय है। उन्होंने कहा 16 और 17 अप्रैल को संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी , टीएमसी और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वास घात किया है और अपने महिला विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। कहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा था कि नीति निर्माण में महिलाओं को भागीदारी देना कोई उपकार नहीं बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। जिन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर में बाधा डाली है उन्हें आने वाले चुनाव में महिलाओं के कड़े आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। सांसद भट्ट ने कहा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के झूठ को बेनकाब करते हुए स्पष्ट किया है कि परिसीमन से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा बल्कि भारत का अनुपातिक प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहेगा और बढ़ेगा। भाजपा महिला सशक्तिकरण और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने हेतु इन महिला विरोधी ताकत के खिलाफ दृढ़ता से लड़ाई लड़ेगी।

## सप्लाई बाधित होने से लोहाघाट में पेट्रोल की भारी किल्लत

**चंपावत ।** जिले के लोहाघाट नगर में सप्लाई बाधित होने से पेट्रोल की भारी किल्लत हो गई है। जिस कारण दुपहिया व चार पहिया वाहन चालक परेशान हो गए हैं। नगर के एकमात्र पेट्रोल पंप में ही पेट्रोल उपलब्ध है। पुनेठा पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया पेट्रोल की सप्लाई न होने से पेट्रोल की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने कहा आज एक टैंकर पेट्रोल का उपलब्ध हुआ है ।उन्होंने बताया नगर के अन्य पेट्रोल पंपों में पेट्रोल न होने से सारा भार उनके पेट्रोल पंप में पड़ रहा है पेट्रोल लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कहा दोपहिया वाहनो को 200 तथा चौपहिया वाहनों को हजार रुपए का पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है। तो वहीं नगर के पाटन क्षेत्र के दोनों पेट्रोल पंप में पेट्रोल खत्म हो चुका है । पेट्रोल पंप प्रबंधकों के मुताबिक पेट्रोल की सप्लाई कब होगी यह कहा नहीं जा सकता है। वहीं पेट्रोल की किल्लत होने से लोग काफी परेशान है ।खास कर लंबी दूरी के टैक्सी चालकों , पेट्रोल से चलने वाले स्कूल वाहनों के साथ साथ सरकारी कर्मचारी तथा आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से पेट्रोल पंपों में पेट्रोल उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल डीजल की सप्लाई लगातार जारी है।




## क्वारब स्लाइड जोन और बायपास मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण, कार्यो में तेजी के निर्देश

**अल्मोड़ा।** क्वारब क्षेत्र में स्लाइड जोन के सुधारीकरण कार्यों और बायपास मार्ग की प्रगति का जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से सुधार कार्यों की प्रगति और शेष कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मार्ग अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही वाहनों का सुचारु संचालन बनाए रखने और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने नवनिर्मित क्वारब बायपास मार्ग का भी निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्लाइड प्वाइंट से उत्पन्न बाधाओं से बचाव के लिए इस बायपास का निर्माण किया गया है, इसलिए इसका संचालन शीघ्र शुरू किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अवशेष कार्यों को जल्द पूरा करने और मार्ग के संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पर्यटन गतिविधियों के दृष्टिगत भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे यात्रियों का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके और क्वारब क्षेत्र में चल रहे सुधार कार्य भी प्रभावित न हों। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल, तहसीलदार ज्योति धपवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर लिया धरा के संरक्षण का संकल्प

**अल्मोड़ा।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी में इआईएसीपी केन्द्र विश्व पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर भूमि और जल संसाधन केंद्र एवं एनएमएचएस से जुड़े अनुसंधनकर्ताओं ने पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर केंद्र प्रमुख इं0 एमएस लोधी ने कहा कि पर्यावरणीय चिंताएं आज हमारी सतत् चिंता का विषय है और हमें हर क्षेत्र में इसके संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने विभिन्न केद्रों में आज के दिन चल रहे विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि इस वर्ष 'हमारी शक्ति-हमारा गृह थीम पर देश भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, तापमान वृद्धि और प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुसंधान और शमन उपायों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर बताया गया कि देश भर में अधिकांश 54 केंद्रों में इस अवसर पर जल संरक्षण, कार्यशालाएं, व्याख्यान, स्कूली कार्यक्रम आदि आयोजित किए जा रहे हैं। 30 से अधिक शोधार्थियों व स्टाफ ने इस अवसर पर परिसर क्षेत्र में यहीं से तैयार नर्सरी से पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि परिसर में इन पौधों की निरंतर देखरेख से इन्हें संरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने जल संरक्षण, ग्लेश्यिरों के पिघलने, ऊर्जा संकट जैसे विषयों पर चिंतन किया और कहा कि आने वाली पी ?ी को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़कर काम करना होगा।

# महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने को सरकार प्रतिबद्ध : कैड़ा

➔ केंद्र के सहयोग से महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं

➔ विपक्षी पार्टियों ने महिला आरक्षण विरोधी



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए अभियान ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाए हैं।

मंत्री ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं ने देशभर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत किया है। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय निर्माण से मातृशक्ति को सम्मानजनक जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को दैनिक कार्यों के लिए जंगलों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो चुकी है।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से भी सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान मंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस और अन्य दलों ने हमेशा बाधा डालने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने महिला हितों के मुद्दों पर समर्थन देने के बजाय राजनीतिक विरोध को प्राथमिकता दी।

मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों को सदन में लाती है, लेकिन विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है। उन्होंने मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राज्य निर्माण से लेकर विकास कार्यों तक में मीडिया का अहम योगदान रहा है।उन्होंने कहा कि पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और केंद्र सरकार के सहयोग से महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं लगातार लागू की जा रही हैं।अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा मातृशक्ति के सम्मान और देश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# मुखेंम रेंज के जंगलों में भड़की आग




**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )** मुखिम रेंज अंतर्गत क्षेत्र के कुटेटी के सामने जंगलों में दो दिनों से आग लगी हुई है । यहां किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई गई आग के देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई हेक्टेयर हरे-भरे जंगल को राख में बदल दिया। आग जंगलों में आग लगने से वन संपदा को ही नुकसान नहीं होता बल्कि वन्य जीव जंतुओं को भी बहुत क्षति पहुंचती है।

चीड़ के पेड़ों से घिरे इस जंगल में सूखे पत्तों (पिरुल) ने आग को ऐसा ईंधन दिया कि लपटें तेजी से कई जगह फैल रही। वन विभाग द्वारा आग को अभी तक काबू नहीं कर पा रहे हैं कल से लगी आग अब बेकाबू होती जा रही है और पूरा इलाका धुएं और आग की चपेट में है।

रेंज अधिकारी से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा है कि आज को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है

# मसालों की खुशबू में बसा रही आत्मनिर्भरता चम्पावत की महिलाओं का सफल प्रयास



**चंपावत।** जनपद चम्पावत के विकासखंड बाराकोट अंतर्गत ग्राम खालकिना तोक की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सामूहिक प्रयास और सही मार्गदर्शन के साथ ग्रामीण महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों को छू सकती हैं।जो महिलाएँ कभी केवल घरेलू कामों तक सीमित थीं और अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थीं, आज वही महिलाएं उद्यमी बनकर अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं।'सखी स्वयं सहायता समूह' की 9 महिलाओं ने सामूहिक पहल करते हुए मसाला निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। आज यह पहल न केवल उनकी आजीविका का सशक्त माध्यम बना है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नई दिशा दे रही है।इस परिवर्तन की आधारशिला 'ग्रामोत्थान परियोजना' के माध्यम से रखी गई, जो आईफैड , केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका के अवसरों का सृजन तथा पलायन पर नियंत्रण करना है।

बाराकोट क्षेत्र में परियोजना टीम द्वारा आयोजित जागरूकता बैठकों ने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाया और उन्हें लघु उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें उद्यम योजना, समूह संचालन और बैंक ऋण की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।परियोजना के तहत सखी स्वयं सहायता समूह का चयन मसाला इकाई की स्थापना के लिए किया गया। आवश्यक सत्यापन के पश्चात कुल 10 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई, जिसमें 6 लाख रुपये की अनुदान राशि ग्रामोत्थान परियोजना से प्राप्त हुई। शेष 3 लाख रुपये बैंक ऋण के माध्यम से तथा 1 लाख रुपये समूह द्वारा अंशदान के रूप में जुटाए गए।इस वित्तीय सहयोग से महिलाओं ने हल्दी, मिर्च और धनिया जैसे मसालों की सफाई, पिसाई एवं पैकेजिंग हेतु एक आधुनिक इकाई स्थापित की।

समूह की महिलाओं ने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का विभाजन किया है—कुछ सदस्य उत्पादन में तो कुछ पैकेजिंग और विपणन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस सामूहिक कार्यशैली ने उद्यम को सुदृढ़ आधार प्रदान किया है।हालांकि प्रारंभिक दौर में महिलाओं को कच्चे माल की गुणवत्ता, मशीन संचालन और बाजार में पहचान बनाने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन के बल पर इन बाधाओं को पार किया। उद्यम शुरू हुए अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन इस दौरान ही स्थानीय बाजारों में उत्पादों की गुणवत्ता के कारण उन्हें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। आज यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उनके आत्मसम्मान, निर्णय क्षमता और सामाजिक भागीदारी को भी सुदृढ़ कर रही है। सखी स्वयं सहायता समूह की यह सफलता अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है, जो अब आत्मनिर्भरता की इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।

## लमगड़ा की किरण बिष्ट ने स्वरोजगार से बनाई पहचान

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा क्षेत्र की निवासी किरण बिष्ट स्वरोजगार के जरिए महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनकर उभरी हैं। उन्होंने अपने प्रयासों से न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने का कार्य किया है। किरण बिष्ट ने वर्ष 2021 में सिलाई कार्य से शुरुआत की और धीरे-धीरे अपने कार्य का विस्तार करते हुए लमगड़ा बाजार में सिलाई, बुनाई और कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया। इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। वर्तमान में पांच से अधिक महिलाएं उनके साथ जुड़कर अपनी आजीविका मजबूत कर रही हैं। इस पहल के लिए उन्हें ग्राम्य विकास विभाग और आईएफएडी-रीप परियोजना के तहत प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिला। परियोजना प्रबंधक राजेश मठपाल ने बताया कि इस तरह के प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। किरण बिष्ट की इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और पलायन रोकने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## हवालबाग प्रधान संगठन की बैठक आयोजित, मानदेय वृद्धि और भुगतान व्यवस्था के मुद्दे प्रमुखता से उठे



**अल्मोड़ा।** हवालबाग विकासखंड सभागार में बुधवार को आयोजित प्रधान संगठन की बैठक में ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याएं रखते हुए समाधान की मांग उठाई। बैठक में मानदेय और भत्तों में वृद्धि का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। इसके साथ ही राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं, मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों के भुगतान में हो रही देरी और योजनाओं से जुड़ी विभागीय वेबसाइटों के बंद रहने पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। बैठक में मनरेगा के माध्यम से उपकरण खरीद, फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। प्रधानों ने नए पंचायत भवनों के निर्माण और पुराने पंचायत घरों के सुधारीकरण की आवश्यकता जताते हुए ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारी की साप्ताहिक आधार पर न्याय पंचायत स्तर पर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में वीबीजी रामजी योजना की जानकारी प्रधानों तक विस्तार से पहुंचाने तथा वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा केंद्रीय और राज्य वित्त की कंटिंजेंसी मद से सामान्य खर्चों के भुगतान के लिए प्रावधान किए जाने का मुद्दा उठाया गया। ग्राम पंचायत बैठकों के एजेंडा रजिस्टर को सचिव के माध्यम से समय पर सदस्यों तक पहुंचाने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई।

बीडीसी बैठकों में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्र पंचायत प्रमुख और संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा पत्राचार किए जाने का निर्णय लिया गया। पंचायत चुनाव में भागीदारी कर चुके प्रतिनिधियों की जमानत राशि वापस दिलाने का मुद्दा भी बैठक में रखा गया।

ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडु ने प्रधानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और उनके समाधान का भरोसा दिया, जबकि प्रधान संगठन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नयाल ने भी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक का संचालन महामंत्री विनोद जोशी ने किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडु, प्रधान संगठन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नयाल, उपाध्यक्ष सुंदर मटियानी, नवीन भट्ट, चंद्रिका तिवारी, मंत्री प्रमोद जोशी, मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह मेहरा, खंड विकास अधिकारी एस एस दरियाल, एबीडीओ रमेश कनवाल, एबीडीओ पंचायत प्रमेंद्र पांडे सहित सभी ग्राम प्रधान और विकासखंड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरीश उपाध्याय के विदेश व्यापार महानिदेशक बनने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर

अल्मोड़ा जनपद के चैखुटिया खनूली निवासी हरीश चंद्र उपाध्याय पुत्र स्व श्री कैलाश चंद्र उपाध्याय के सयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार में विदेश व्यापार महानिदेशालय में इस पदोन्नति का पद ग्रहण किया। 13 अप्रैल को राष्ट्रपति भवन से केंद्रीय सेवा पदोन्नति के तहत यह सूची जारी की गई। खनूली गांव के ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के विभिन्न जन प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने से क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि इस छोटे से ग्रामीण कस्बे को श्री उपाध्याय ने अपनी प्रतिभा से गौरान्वित किया है। वे न केवल युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने वरन् उन्होने पहाड़ के लोगों के परिश्रम की गाथा को आगे बड़ाया है।

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश पाण्डे और उनकी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य जिला योजना सदस्य अल्मोड़ा श्रीमती राधा पाण्डे गोपाल मासीवाल शंकर सिंह रावत महेश लाल वर्मा दीपा मासीवाल सतोष मासीवाल कैलाश पाण्डेय बसंत उपाध्याय धीरज उपाध्याय मोहन राम प्रकाश उपाध्याय कैलाश पाण्डेय सहित कई लोगों ने उन्हें विशेष तौर पर शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके क्षेत्र में आने पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत करने की योजना है।